हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल बना बुर्रहान बाबा का उर्स

मनोहरपुर (निसं)। निकटवर्ती ग्राम ताला में स्थित हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत बुर्रहान बाबा रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय वार्षिक उर्स बडे ही अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। उर्स के मौके पर दूर-दराज से आए सैकडों जायरीनों का सैलाब उमड पडा और पूरी दरगाह परिसर या बुर्रहान हक बुर्रहान" की सदाओं से गूंज उठा।

उर्स में शिरकत करते हुए हजरत ख्वाजा सैयद शाह अहमद चिश्ती (रह.) के सज्जादानशीन व सूफी खानकाह एसोसिएशन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष हजरत सैयद आबिद अली चिश्ती फरीदी फाखरी ने जायरीनों को संबोधित करते हुए कहा कि "बुर्रहान बाबा की दुआ से मुकद्दर संवर जाता है।"उन्होंने कहा कि हजरत बुर्रहान बाबा ने वर्षों पूर्व इस घने जंगल के एकांत में बैठकर कठोर चिल्लाकशी और इबादत की थी। अल्लाह ने उन्हें ऐसी करामाती ताकत अता की थी कि उनकी दुआ से कई लाइलाज लोगों को शिफा मिली, कई बिगड़े काम बने। उनकी करामात छुप न सकी और देखते ही देखते उनकी शोहरत पूरे जगत में फैल गई, जिसके बाद हिन्दू-मुस्लिम सभी धर्मों के लोग उनके मुरीद बन गए। आज भी जो सच्चे दिल से उनकी चौखट पर आता है, उसकी मुराद जरूर पूरी होती है। इस पाक मौके पर दरगाह कमेटी की जानिब से एक दस्तारबंदी प्रोग्राम भी रखा गया, जिसमें सूफी विचारधारा को आगे बढ़ाने वाले कई खादिमों को सम्मानित किया गया।

पूर्व सरपंच एफ डी खान ने आबिद अली चिश्ती कि दस्तार बंदी की दस्तारबंदी में मोहम्मद अमीन खान साबरी, समाजसेवी वसीम राजा साहब (जयपुर), फहीम खान फरीदी (जयपुर), शफीक बाबा (जयपुर), महबूब मनिहार (धानोता), रोशन मनिहार (रडावास), मजीद खान उस्ताद (अमरसर), कम्मो चाचा, सलीम कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, रिजवान खान, फारूक काजी, सैयद सादिक अली चिश्ती सहित तमाम साथियों की दस्तारबंदी की।

दौसा में भाजपा और कांग्रेस ने घोषित किए वार्ड प्रत्याशी

दौसा (निसं.)। दौसा नगर निकाय चुनाव के तहत नामांकन के अंतिम दिन सोमवार को नामांकन दाखिल किये जाने को लेकर काफी गहमागहमी रही। 55 वार्डो के लिए 725 प्रत्याशियों ने भाजपा, कांग्रेस एवं निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में नामांकन दाखिल किये। इधर प्रत्याशियों के साथ हजारों की संख्या में समर्थक भी पहुंचे जिसके चलते पुलिस प्रशासन को भारी पुलिस बल तैनात करना पडा। वही दूसरी ओर सोमवार को दोपहर बाद भाजपा एवं कांठोस ने प्रत्याशियों की सूची जारी किये जाने के साथ ही दोनो पार्टियों के बागियों में गहरा आक्रोश फैल गया।

दौसा नगर परिषद के 55 वार्डो के लिए 724 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किये।

- निकाय चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन गहमागहमी रही

उल्लेखनीय है कि दौसा नगर परिषद के 55 वार्डो के लिए 724 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किये। नामांकन दाखिल होने का अंतिम दिन होने के कारण प्रात: से नामांकन दाखिल करने वालो की लम्बी कतार लगना शुरु हो गई थी। नामांकन दाखिल करने का समय साढे 10 बजे तक हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हो गये। इधर भारी भीड एवं समर्थको के पहुंचने की संभावना के चलते जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास भारी पुलिस जाप्ता तैनात किया गया तथा प्रत्याशियों एवं समर्थन को गेट नबंर दो से प्रवेश दिया गया था। इधर भारी भीड को देखते हुये पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा छाया, पानी एवं हवा की माकूल व्यवस्था की गई थी। कतार लगी नामांकन दाखिल करने के लिए तकरीबन एक किलो मीटर तक लम्बी कतार लग गई, जिसके चलते कलेक्ट्रेट के अधिकांश कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। वही दूसरी ओर पुलिस प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर को पूरी तरह से सील कर दिया गया था। चार में से तीन गेट पर प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंध कर दिया गया था।

भाजपा एवं कांठोस ने प्रत्याशियों की सूची जारी की:- भाजपा एवं कांठोस द्वारा दोपहर बाद अपने अपने प्रत्याशियो की सूची जारी की गई। कांठोस की ओर से एडवोकेट जगजीवन राम बैरवा एवं भाजपा की ओर से प्रभारी सीमा कपिल सिंबल लेकर रिटर्निंग आफिसर के पास पहुचे। इधर भाजपा ने वार्ड 1 से सरिता देवी, वार्ड 2 से विक्रांत जायसवाल, वार्ड 3 से इन्द्रा बैरवा, वार्ड 4 से सतीश कुमार, वार्ड 5 से शकुन्तला, वार्ड 6 से कविता, वार्ड 7 से आशीष गुप्ता, वार्ड 8 से प्रिया गुप्ता, वार्ड 9 से ऋषिराज मीणा, वार्ड 10 से रीना गुर्जर, वार्ड 11 (रिक्त), वार्ड 12 से विकास कुमार मीना, वार्ड 13 (रिक्त), वार्ड 14 से योगेश खण्डेलवाल, वार्ड 15 से राधा जायसवाल, वार्ड 16 से पंकज गुप्ता, वार्ड 17 से गोविन्द राय महावर, वार्ड 18 से चन्द्रमोहन वशिष्ठ, वार्ड 19 से दीपक कुमार शर्मा, वार्ड 20 (विचाराधीन), वार्ड 21 से संदीप कुमार मीना, वार्ड 22 से केदार प्रसाद मीणा, वार्ड 23 से मोहम्मद जावेद खान, वार्ड 24 से मनीष कुमार महावर, वार्ड 25 से शबनम, वार्ड 26 से सलीम, वार्ड 27 से शाहिस्ता बेगम, वार्ड 28 से अंजलि खण्डेलवाल, वार्ड 29 से अनिता कुमारी, वार्ड 30 से प्रियंका शर्मा, वार्ड 31 से रिषभ खण्डेलवाल, वार्ड 32 से इन्द्र कुमार, और वार्ड 55 से देवेन्द्र कुमार नाराणिया को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

निवाई में सबसे अधिक वार्ड 11 में 11 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

निवाई। नगर पालिका चुनाव 2026 को लेकर सोमवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय में कांठोस व भाजपा सहित निर्दलीय 205 प्रत्याशियों ने निर्वाचन अधिकारी गंभीर सिंह को नामांकन पत्र सौंपा है। इस दौरान प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने नामांकन दाखिल प्रक्रिया एवं आचार संहिता व कानून व्यवस्था पुख्ता रखी। निर्वाचन अधिकारी गंभीर सिंह ने बताया कि नगर पालिका के 40 वार्डो के लिए सोमवार को नामांकन दाखिले के अन्तिम दिन 205 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। उन्होंने बताया कि वार्ड संख्या 1 से 5, वार्ड संख्या 2 से 7, वार्ड संख्या 3 से 5, वार्ड संख्या 4 से 10, वार्ड संख्या 5 से 4, वार्ड संख्या 6 से 9, वार्ड संख्या 7 से 3, वार्ड संख्या 8 से 7, वार्ड संख्या 9 व 10 से 3-3, वार्ड संख्या 11 से 11, वार्ड संख्या 12 से 2, वार्ड संख्या 13 से 6, वार्ड संख्या 14 से 8, वार्ड संख्या 15 से 4, वार्ड संख्या 16 से 3, वार्ड संख्या 17 से 4, वार्ड संख्या 18 से 7, वार्ड संख्या 19 से 6, वार्ड संख्या 20, 21 व 22 से 3-3, वार्ड संख्या 23 व 24 से 7-7, वार्ड संख्या 25 से 2, वार्ड संख्या 26 व 27 से 5-5, वार्ड संख्या 28 व 29 से 4-4, वार्ड संख्या 30 से 8, वार्ड संख्या 31 से 5, वार्ड संख्या 32 से 6, वार्ड संख्या 33 से 4, वार्ड संख्या 34 व 35 से 2-2, वार्ड संख्या 36 से 3, वार्ड संख्या 37 व 38 से 7-7, वार्ड संख्या 39 से 5 व वार्ड संख्या 40 से 6 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं।

अवैध देशी शराब के 56 पव्वे जब्त

निवाई। सदर पुलिस ने अवैध शराब व मादक पदार्थ की रोकथाम को लेकर कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब के 56 पव्वे जब्त करके एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रोशन मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव एवं डीवाईएसपी रविप्रकाश शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब व मादक पदार्थ की रोकथाम को लेकर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गश्त के दौरान गांव भगतरामपुरा में आरोपी राजाराम पुत्र नारायण गुर्जर को गिरफ्तार करके उससे अवैध देशी शराब के 56 पव्वे जब्त किए है।

खेल मैदान व विद्यालय की बदहाली के खिलाफ गूंजी युवाओं की आवाज

कोटपूतली, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम पंचायत नारेहड़ा में खेल मैदान, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय एवं अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर स्थानीय युवाओं ने एकजुट होकर आवाज उठाई है। सोमवार को युवाओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता एवं विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की गंभीर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में नारेहड़ा के खेल मैदान की बदहाली को दूर करने के लिए उसके समतलीकरण, उचित पानी निकासी, बिजली व्यवस्था और मजबूत चारदीवारी निर्माण की मांग की गई है। साथ ही युवाओं को खेल के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी व वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों की आवश्यक खेल सामग्री तथा उचित प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया। युवाओं ने गांव में एक सर्वसुविधायुक्त इंडोर स्टेडियम के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया। इसके अतिरिक्त महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय की गिरती स्थिति को लेकर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई। ज्ञापन में विद्यालय भवन की आवश्यक मरम्मत करवाने, छात्र-छात्राओं के लिए शुद्ध पेयजल व सुचारू शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित करने, शिक्षकों एवं शैक्षिणक संसाधनों की कमी को तुरंत दूर करने तथा लगातार घटती छात्र संख्या की समस्या का स्थाई समाधान निकालने की मांग रखी। युवाओं ने पारदर्शिता लाने के लिए विद्यालय विकास समिति के सदस्यों में बदलाव करने की भी मांग की।

- कलेक्टर व विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा

निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए व्यवस्थाएं पुख्ता रखने के निर्देश

टोंक। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने सोमवार को टोंक पहुंचकर नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने एपीआरटीएस स्थित टोंक रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में निर्वाचन से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) टीना डाबी, जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न निर्वाचन प्रकोष्ठों द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं उनकी प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को लेकर की गई व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं उपयुक्त है। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से जिले की कानून व्यवस्था, पुलिस प्रबंध, मतदान दलों की व्यवस्था, मतदान के दौरान दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाएं, स्वीप गतिविधियों, मतदान केंद्रों, मतदान एवं मतगणना स्थलों सहित चुनाव से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि टोंक जिले में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर तैयारियां संतोषजनक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि मतदान से लेकर मतगणना एवं चुनाव परिणाम घोषित होने तक सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से नियंत्रण में रहेंगी और चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) विनोद कुमार मीणा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमार मीणा, एएसपी रतनलाल भार्गव, कोषाधिकारी हरीश लालावत, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट सहित निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसडीएम कार्यालय के बाहर रहा मेले जैसा माहौल

निवाई में नामांकन भरने के लिए जुलूस के रूप में जाते भाजपा कार्यकर्ता ।

निवाई। नगर पालिका चुनाव 2026 को लेकर सोमवार को नामांकन का अन्तिम दिन होने के कारण नाम निर्देशन के लिए भाजपा, कांग्रेस व निर्दलय प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों के साथ उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जिससे एसडीएम कार्यालय परिसर के बाहर मेले जैसा माहौल दिखाई दिया।

भाजपा के सभी 40 प्रत्याशी नामांकन भरने के लिए विधायक रामसहाय वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ जुलूस के रूप में नारे लगाते हुए पहुंचे। इसी प्रकार कांठोस के प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ अलग-अलग समूहों में उपखंड अधिकारी कार्यालय में नाम निर्देशन फॉर्म जमा करवाए।

इसी प्रकार भाजपा व कांठोस पार्टी से टिकट नहीं मिलने से नाराज कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय फार्म भरने के बाद अपना गुस्सा निकाला। कई नाराज कार्यकर्ता यह कहते हुए नजर आए कि अधिकृत प्रत्याशी को अब जीताकर बता देना। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। नाम निर्देशन के चलते प्रशासन व पुलिस प्रशासन पूरी तरह चौकस रहा। पुलिस ने पार्टियों के जुलूस को एसडीएम कार्यालय सीमा के बाहर करीब 100 मीटर की दूरी पर ही रोक दिया। किसी भी वाहन को प्रवेश नहीं दिया गया और प्रत्याशी के साथ केवल एक प्रस्तावक को ही प्रवेश दिया गया। सभी प्रत्याशियों ने शुभ मुहूर्त में अपने-अपने पर्चे दाखिल किए।

- पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह चौकस

विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया

पावटा। राजकीय महाविद्यालय विराटनगर में निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों में निर्वाचन जागरूकता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजगता विकसित करने के उद्देश्य से चुनाव स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. मीणा ने की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता, मतदान का महत्व, युवा मतदाताओं की भूमिका, लोकतंत्र की मजबूती, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन तथा मतदाता के अधिकार एवं कर्तव्यों जैसे विषयों पर प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी स्लोगन लिखकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपने स्लोगनों के माध्यम से मतदान करें, लोकतंत्र मजबूत करें जैसे संदेशों के जरिए अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता, लोकतांत्रिक जिम्मेदारी तथा निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की भावना विकसित करना रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. के.एल. मीणा ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं में निर्वाचन एवं मतदान के प्रति जागरूकता लोकतंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

भाजपा ने चौमूं और कालाडेरा के निकाय चुनावों में सभी वर्गों को सर्वसमावेशी प्रतिनिधित्व दिया

चौमूं / कालाडेरा । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने आज सुभाष सर्किल स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने नगर परिषद चौमूं और नगर पालिका कालाडेरा में टिकट वितरण के दौरान सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र को अपनाते हुए सभी समाजों एवं वर्गों को यथोचित प्रतिनिधित्व दिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए रामलाल शर्मा ने बताया कि वार्डों में पार्टी प्रभारियों द्वारा कराए गए गहन सर्वे और क्षेत्रीय जनभावनाओं के आधार पर ही योग्य व निष्ठावान उम्मीदवारों का चयन किया गया है। नगर परिषद चौमूं: सैनी समाज को 11, कुमावत समाज को 6, ब्राह्मण समाज को 5, जाट, यादव व महाजन समाज को 4-4, जांगिड व प्रजापत समाज को 2-2 तथा बुनकर, हरिजन, खटीक, नाई, मीणा, राजपूत व रेगर समाज को 1-1 टिकट दिए गए हैं। नगर पालिका कालाडेरा: कुमावत समाज को 6, ब्राह्मण समाज को 3, यादव समाज को 2 तथा मीणा, बुनकर, रेगर, सैनी, सुनार, जांगिड, छिपा एवं नाई समाज को 1-1 प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व विधायक ने आश्वस्त किया कि यदि टिकट वितरण में किसी कारणवश कोई वर्ग छूट गया है, तो निकाय में बोर्ड बनने के बाद मनोनीत (नॉमिनेट) पार्षदों के चयन में उन समाजों को प्राथमिकता से प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। कांठोस बोर्ड और स्थानीय विधायक एवं सांसद की विफलता पर निशाना: वर्ष 2020 से 2026 तक चौमूं नगर परिषद में रहे कांठोस बोर्ड की कार्यप्रणाली पर हमला बोलते हुए शर्मा ने कहा कि कांठोस के कुशासन और भ्रष्टाचार से जनता भली-भांति परिचित है। वहीं पिछले ढाई वर्षों में क्षेत्र से चुने गए कांठोस सांसद अमराराम पर क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद सांसद ने एक बार भी चौमूं की जनता की सुध नहीं ली। विकास के लिए भाजपा बोर्ड बनाने की अपील: रामलाल शर्मा ने आमजन से अपील की कि वर्तमान में राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार है। क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना आवश्यक है। उन्होंने चौमूं को बीसलपुर पेयजल परियोजना से जोड़ने, सभी वार्डों में गुणवत्तापूर्ण सड़कों के निर्माण तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का वादा करते हुए चौमूं और कालाडेरा दोनों निकायों में भाजपा का स्पष्ट बहुमत से बोर्ड बनाने का आ ान किया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सभापति का चयन चुने गए पार्षदों द्वारा ही किया जाएगा।

- सर्वे और जनभावनाओं के आधार पर तय किए गए उम्मीदवार, कोई वर्ग छूटा तो नॉमिनेट पार्षदों में दी जाएगी प्राथमिकता
- विकास के लिए भाजपा का बोर्ड बनाने की अपील

नामांकन की अंतिम तिथि को चुनाव कार्यालय में भीड़

राजगढ़ । नगर पालिका चुनाव को लेकर नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त सोमवार को निर्वाचन कार्यालय परिसर में भारी सैलाब उमड़ा । नामांकन के अंतिम दिन 263 दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। कुल नामांकन 385 दर्ज किये। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों एवं उनके समर्थकों की भारी भीड़ के कारण निर्वाचन कार्यालय परिसर एवं तहसील क्षेत्र में मेले का माहौल रहा।

समर्थकों की भारी भीड़ के कारण निर्वाचन कार्यालय परिसर एवं तहसील क्षेत्र में मेले का माहौल रहा।

- चुनाव में भाजपा ने 37 एवं कांठोस की ओर से 23 प्रत्याशियों के नाम की सूची रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष पेश की
- राजगढ़ नगर पालिका के 40 वार्डो मे भाजपा एवं कांग्रेस सभी वार्ड में प्रत्याशी नहीं दे पाई

इन चुनाव में भाजपा ने 37 एवं कांठोस की ओर से 23 प्रत्याशियों के नाम की सूची रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष पेश की। राजगढ़ नगर पालिका के 40 वार्डो मे भाजपा एवं कांठोस सभी वार्ड में प्रत्याशी नहीं दे पाई।राजगढ़ नगर पालिका के 40 वार्डो के लिए भारी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों के खड़े होने से चुनाव रोचक होने की संभावना बन गई है।

रिटर्निंग अधिकारी सुश्री सीमा मीणा ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन पुलिस एवं अन्य पुख्ता व्यवस्थाएं की गई है। कुछ प्रत्याशी ढोल के साथ भी नामांकन करने आए। इधर नामांकन की अंतिम तिथि के दिन महिला पुरुषों की लगी लाइनो ने मतदान के प्रति उत्साह एवं उमंग के साथ लोकतंत्र की महिमा को उजागर किया। निर्वाचन कार्यालय परिसर में पुलिस एवं प्रशासन का पुख्ता प्रबंध रहा।

सार-समाचार

लालसोट नगरपरिषद चुनाव में नामांकन की बाढ़ : 35 वार्डों में 162 दावेदारों ने ठोकी ताल

लालसोट। नगरपरिषद चुनाव को लेकर लालसोट की सियासत पूरी तरह गर्मा गई है। 35 वार्डों के लिए कुल 162 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल कर चुनावी रण में अपनी दावेदारी ठोक दी है। भाजपा और कांठोस के उम्मीदवारों के साथ बड़ी संख्या में निर्दलीयों के मैदान में उतरने से कई वार्डों में मुकाबला रोचक और कांटे का होने के आसार हैं। अब सबकी नजर नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी पर टिकी है। इसके बाद ही साफ होगा कि किस वार्ड में सीधी टक्कर होगी और कहां बागी व निर्दलीय उम्मीदवार बड़े दलों का खेल बिगाड़ेंगे।

विजेता खिलाड़ी सम्मानित

निवाई। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित खेल सप्ताह का समापन समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि डाइट प्रधानाचार्य पीयूष कुमार शर्मा एवं स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर द्वारा प्रतियोगिता के विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को पारितोषिक, मोमेंटो एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीयूष कुमार शर्मा ने कहा कि खेलकूद से न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन और टीम भावना का भी निर्माण होता है। व्याख्याता शारीरिक शिक्षा मोहनलाल निराला ने बताया कि 100 मीटर दौड़ बालक सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान मनराज प्रजापत, द्वितीय स्थान जयप्रकाश वर्मा व तृतीय स्थान ल्यूसेन्ट जाट,100 मीटर दौड़ बालक जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान तिलक महावर,100 मीटर दौड बालिका सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान निशा सैनी, द्वितीय स्थान किस्मत यादव ने प्राप्त किया। इसी प्रकार लम्बी कूद में प्रथम स्थान विशाल सैनी,द्वितीय स्थान अमन सैनी व तृतीय स्थान जयसिंह ने प्राप्त किया।

सिन्धी सुहागनों ने रखा टीजड़ी का व्रत

निवाई। सिंधी समाज की महिलाओं ने सोमवार को पति की दीर्घायु और परिवार की सुख समृद्धि के लिए पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ टीजड़ी पर्व मनाया। दिनभर निर्जल व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की। सिन्धु वीमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा ऋचा इसरानी ने बताया कि महिलाओं ने भोर में कोकी व मीठी मानी का अल्पाहार कर उपवास शुरू किया। सामूहिक रूप से धान्य रूप में टीजड़ी (तीज) माता की पूजा की, माता को झूले में झुलाया और कथा सुनी। रात्रि में चंद्रोदय पर कच्चे दूध, जल व कुट्टी का अर्घ्य देकर व्रत का पालन पूर्ण किया। समिति सदस्य कविता मयूरा ने बताया कि पर्व की पूर्व संध्या पर संस्कृति संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में समाज की सभी महिलाओं ने मिलजुल कर मेहंदी रचाई और विभिन्न गतिविधियों में उत्साह पूर्व भाग लिया।

हत्या के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने हत्या की वारदात में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि 26 अगस्त को गांव डारडातुर्कान के पीतावास में सफाई के मामले को लेकर हुई मारपीट के दौरान हीरालाल की चौट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने उक्त मामले में हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी मनमोहन सिंह गुर्जर, राजाराम गुर्जर, पाना देवी गुर्जर, नीरू देवी गुर्जर व धोली देवी गुर्जर सभी निवासी पीतावास को गिरफ्तार किया है।

अवैध गांजे के दो पौधे जप्त

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक रोशन मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे नशा मुक्त टोंक अभियान के तहत अलीगढ थाना पुलिस की विशेष टीम व जिला स्पेशल पुलिस टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाकर अलीगढ क्षेत्र से आरोपी कानसिंह पुत्र प्रहलाद मीना उम्र 41 साल निवासी श्योपुरा थाना उनियारा को ग्राम उखलाना के बाडा में लोहे की जाली के पास उगे हरे रंग के अवैध मादक पदार्थ गांजा के दो पौधे जो 13 किलोग्राम वजन के पाये गये को जप्त किया जाकर आरोपी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया गया है।

वार्ड 36 से अजय सैनी ने भरा निर्दलीय नामांकन

टोंक। नगर परिषद के वार्ड नंबर 36 से अजय सैनी सांखला ने सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया, इस नामांकन के दौरान समर्थक भी मौजूद रहे। इस मौके पर अजय सैनी सांखला ने बताया कि वे वार्ड के विकास एवं क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान को लेकर पिछले कई वर्षों से लगातार प्रयास करते आ रहे हैं। भाजपा से टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड में विकास कार्यों को गति देना और आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करवाना है। उन्होंने वार्डवासियों से सहयोग और समर्थन की अपील की।

'अखंड सौभाग्य का प्रतीक है सातूड़ी तीज'

मनोहरपुर (निसं)। भामाशाह मोहन कुडी ने कहा कि भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व सातूड़ी तीज (जिसे कजरी तीज, कजली तीज या बडी तीज भी कहते हैं) क्षेत्र में बडे ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यह व्रत मुख्य रूप से राजस्थान और उत्तर भारत में सुहागिनों द्वारा अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु के लिए रखा जाता है। कुडी ने मुख्य बातें और परंपराएं इस प्रकार बताया है कि इस दिन महिलाओं ने गेहूं, चना और चावल के सत्तू से बने विभिन्न प्रकार के पकवान (पिंड) बनाकर नीमडी माता और भगवान शिव-माता पार्वती को भोग लगाया। शाम के समय महिलाओं ने मिट्टी से छोटा तालाब बनाकर नीम की टहनी को नीमडी माता के रूप में स्थापित किया और विधिवत पूजा-अर्चना कर सातूड़ी तीज की कथा सुनी। महिलाओं ने दिनभर निर्जला व्रत रखा और रात को चंद्रमा को अर्घ्य देने व दर्शन करने के बाद व्रत का पारण किया। खासतौर पर राजस्थान (जैसे जोधपुर और जयपुर) में तीज से एक दिन पहले धमोळी मनाई जाती है, जिसमें पारंपरिक पकवानों और बाजारों में खासा उल्लास का माहौल देखने को मिला। कुल मिलाकर सातूड़ी तीज का यह पर्व महिलाओं के अटूट विश्वास और पति के प्रति प्रेम का प्रतीक है।

'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' अभियान का समापन

कोटपूतली, (निसं)। राष्ट्रीय खेल दिवस-2026 के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेल अभियान खेलेगा भारत, जीतेगा भारत का अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ समापन हो गया है। 28 से 30 अगस्त तक चले इस भव्य अभियान के तहत पुलिस मुख्यालय एवं जिला पुलिस लाईन परिसर में विभिन्न खेल गतिविधियों और कार्यक्रमों का शानदार आयोजन किया गया। यह पूरा अभियान श्रद्धांजलि, खेल एवं गति के तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित रहा, जिसका मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना तथा उनमें टीम भावना और अनुशासन का संचार करना था। 3 दिवसीय अभियान की प्रमुख गतिविधियां :- प्रथम दिवस 28 अगस्त को अभियान के पहले दिन पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करने के लिए डिजिटल श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद रस्सा-कस्सी, ऊर्जावान '29 चैलेंज', 'पास द बॉल', 'स्पोर्ट्स बंधन' और रेस जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जवानों ने पूरे दमखम के साथ भाग लिया।